ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वर्धा डायरी ई पत्रिका के विशेषांक का हुआ विमोचन

हिंदी विश्वविद्यालय के छात्रों का उपक्रम

वर्धा, 04 अक्टूबर 2024: गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के ग़ालिब सभागार में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निकाली जा रही मासिक ई पत्रिका वर्धा डायरी के गांधी और बापू विशेषांक का विमोचन प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक और पत्रकार सोपान जोशी के हाथों हुआ। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील और मगन संग्रहालय वर्धा की अध्यक्ष डॉ. विभा गुप्ता भी मौजूद रहीं। पत्रिका के मुख्य संपादक विवेक रंजन सिंह के साथ सह संपादक गोविंद राय और सहायक संपादक व छायाकार अभय दुबे ने भी पत्रिका के मुख पृष्ठ का विमोचन किया।

वर्धा डायरी ई पत्रिका का पहला अंक सितम्बर में आ चुका है। इस बार का अंक बापू और वर्धा पर आधारित है। इस डायरी के माध्यम से वर्धा के सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक वर्तमान और अतीत से लोगों को अवगत कराना तथा उनके ज्ञान को समृद्ध करना है। इस अवसर पर हिंदी विश्वविद्यालय के डॉ राकेश मिश्र, डॉ मनोज कुमार राय सहित अन्य शिक्षक और भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। पत्रिका के मुख्य संपादक का कहना है कि अक्टूबर का यह अनेक आगामी १५ अक्टूबर को आ जाएगा। यह पत्रिका सिर्फ वर्धा तक सीमित नहीं है बल्कि वर्धा और गांधी से जुड़े कोई भी लेख इसमें भेजे जा सकते हैं। रचना भेजने के लिए प्रकाशक की ओर से wardhadiary@gmail.com ई मेल जारी किया गया है। यह डायरी सचित्र और रंगीन है जिसमें जनसंचार विभाग के छात्र अभय दुबे के चित्रों नेडायरी को और भी अधिक सुंदरता प्रदान की है।

नमस्कार !

मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें।

सादर धन्यवाद ।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305